भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1008

गुरुवार, दिनांक 08 फरवरी, 2024 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>सौर विद्युत से सुसज्जित घर</u>

1008. श्री बी. मणिक्कम टैगोर: क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने एक करोड़ घरों को सौर विद्युत से विद्युतीकृत करने का निर्णय लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या हाल ही में प्रधान मंत्री सूर्योदय योजना शुरू की गई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उक्त योजना को कब तक शुरू किए जाने और पूरा किए जाने की संभावना है;

(घ) क्या यह सच है कि संस्थापित सौर क्षमता में वृद्धि के बावजूद रूफटॉप सोलर अधिष्ठापन की संख्या में बहुत कम वृद्धि हुई हैः

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या यह भी सच है कि वर्तमान में दस लाख से भी कम घरों में रूफटॉप सोलर इंस्टालेशन हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत मंत्री

(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (ग): सरकार ने निम्न और मध्यम आय व्यक्तियों को बिजली देने के लिए 1 करोड़ घरों पर रूफटॉप सौर की स्थापना करने के लक्ष्य की घोषणा की है।

(घ) से (च): दिनांक 31.12.2023 की स्थिति के अनुसार, देश में स्थापित सौर विद्युत परियोजनाओं की संचयी क्षमता 73.3 गीगावाट है, जिसमें घरों और वाणिज्यिक एवं औद्योगिक क्षेत्र के भवनों में ग्रिड कनेक्टेड सौर रूफटॉप की 10.7 गीगावाट स्थापित क्षमता शामिल है। इसमें से एमएनआरई के ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सौर कार्यक्रम (चरण-II) के तहत घरों में 2.76 गीगावाट की संचयी स्थापित क्षमता के साथ कुल 6.7 लाख ग्रिड कनेक्टेड सौर रूफटॉप प्रणालियाँ स्थापित की गई हैं।

*****